RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 27 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 215 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

### महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की सीट शेयरिंग : फडणवीस बोले
## BJP 26 सीट, शिवसेना-NCP 22 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी

**महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने दावा किया है कि महाराष्ट्र में लोकसभा सीटों को लेकर भाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) और ठउढ (अजित पवार धड़ा) में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला लगभग तय हो गया है।**

इंटरव्यू में फडणवीस ने कहा कि भाजपा प्रस्तावित 26 सीट पर चुनाव लड़ेगी, शिवसेना और एनसीपी को 22 सीटें दी जाएंगी। फडणवीस ने कहा कि 48 लोकसभा सीटों पर सर्वे पूरा किया गया है। हमें जीतने वाले उम्मीदवारों की जानकारी है। 48 सीटों में से 40-42 सीटों पर अलायंस जीत दर्ज करेगी। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के बाद लोकसभा चुनाव के प्रचार की शुरूआत करेंगे। इससे एक दिन पहले ही महाराष्ट्र के दूसरे उपमुख्यमंत्री और NCP नेता अजित पवार ने कहा था कि आने



वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए महाराष्ट्र की रूलिंग पार्टी के बीच सीटों के बंटवारे पर कोई बातचीत नहीं हुई है।

**अजित पवार बोले- हमारी सरकार स्थिर**

अजित ने शनिवार 25 नवंबर को कहा कि हमारी गठबंधन की सरकार स्थिर है, क्योंकि सभी 200 विधायक एक साथ हैं और शिंदे के नेतृत्व में राज्य अच्छा काम कर रहा है। मैं 15 दिनों तक डेंगू की वजह से बीमार रहा। हालांकि, कुछ लोगों का यह कहना था कि मुझे राजनीतिक बीमारी है, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि मैं शिकायत करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिला था, लेकिन मैं शिकायत करने वालों में से नहीं हूं। उन्होंने ये भी कहा, कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव चल रहे हैं। इसलिए भी महाराष्ट्र में चुनाव के लेकर अभी तक कोई बातचीत नहीं।

## 26/11 मुंबई हमले से जो नुकसान हुआ
### भरपाई असंभव, राज्यपाल के साथ CM शिंदे ने वीर शहीदों को किया नमन

**मुंबई:** मुंबई हमले के बरसी पर महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मुंबई पर हुए आतंकी हमले को आज 15 साल हो गए हैं और इस हमले से मुंबई पुलिस बल को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती। इस मौके पर हमने इस हमले में शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिवारों से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि हम हमेशा उनके साथ हैं। सभी ने बारी-बारी से 15 साल पहले आज के ही दिन मुंबई पर हुए आतंकी हमले में आतंकवादियों से लड़ते हुए जान गंवाने वाले शहीदों को रविवार को पुष्पांजलि अर्पित की।यह कार्यक्रम दक्षिण मुंबई में पुलिस आयुक्त के कार्यालय के परिसर में शहीदों के स्मारक आयोजित किया गया। राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा,



दीपक केसरकर, शहर के पुलिस प्रमुख विवेक फणसालकर और पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्यों ने भी 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले के दौरान जान गंवाने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने हमले में जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की। राष्ट्रीय सुरक्षा गारद, मुंबई पुलिस के कर्मियों और भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी समीर वानखेड़े ने ताज महल पैलेस होटल के सामने ह्यगेटवे ऑफ इंडियाह्न पर आयोजित कैंडल मार्च में हिस्सा लिया।

आतंकवादियों ने जिन जगहों पर हमला किया उनमें से एक ताज महल पैलेस होटल भी था। शहीदों की याद में आयोजित मार्च में रोटरी क्लब के सदस्य और मीठीभाई कॉलेज के छात्र भी शामिल हुए।



## महाराष्ट्र में मुस्लिमों को मिले पांच फीसदी आरक्षण
### मनोज जरांगे और छगन भुजबल के बाद उलेमा बोर्ड ने दी चेतावनी

**पुणे:** महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन को लेकर ओबीसी वर्ग की तरफ से विरोध चल रहा है। अब राज्य में मुस्लिमों के लिए आरक्षण की मांग सामने आई है। ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड (एआईयूबी) ने चेतावनी दी कि अगर महाराष्ट्र में मुस्लिम समुदाय को राज्य सरकार द्वारा शिक्षा में 5 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा नहीं किया गया तो यह समुदाय बड़ा आंदोलन शुरू करेगा। एआईयूबी की मांग राज्य भर में चल रहे मराठा आरक्षण आंदोलनों, धनगरों द्वारा एनटी (सी) से एसटी में वर्गीकरण बदलने की मांग और ओबीसी द्वारा अपने मौजूदा आरक्षण की रक्षा करने की मांग के बीच आई है। आरक्षण के अलावा सम्मेलन ने राज्य के सभी उर्दू माध्यम स्कूलों में अरबी भाषा शिक्षण शुरू करने की भी मांग की है। राज्य में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण को मनोज जरांगे पाटिल दो बार भूख हड़ताल कर चुके हैं तो वहीं ओबीसी वर्ग का आरक्षण प्रभावित होने की आशंका को लेकर महाराष्ट्र के मंत्री और ओबीसी लीडर छगन भुजबल हमलावर हैं।

**महाराष्ट्र सरकार करेंगे मांग**

एआईयूबी के वक्फ विंग के प्रमुख सलीम सारंग ने कहा कि सम्मेलन में इन सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और मांगों को मानने के लिए सरकार से औपचारिक अनुरोध किया जाएगा।

## ‘महाराष्ट्र में अस्थिरता के लिए देवेंद्र फडणवीस जिम्मेदार’, सांसद सुप्रिया सुले ने गृह मंत्री पर बोला हमला
### देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र में अस्थिरता के लिए जिम्मेदार - सुप्रिया सुले

**मुंबई: मराठा आरक्षण मुद्दे पर चर्चा के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक बुधवार (1 नवंबर) को संपन्न हुई, जिसमें सभी दल समुदाय को कोटा प्रदान करने पर सहमत हुए। सीएमओ महाराष्ट्र द्वारा अपलोड किए गए एक पत्र में राज्य के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा सर्वदलीय बैठक में लिए गए निर्णयों का उल्लेख है।**

सांसद सुप्रिया सुले ने आलोचना करते हुए कहा कि महाराष्ट्र अस्थिर हो गया है और खुफिया विभाग की विफलता के लिए गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस जिम्मेदार हैं. 26/11 हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद सुप्रिया सुले ने राजनीतिक हालात पर टिप्पणी की. उन्होंने यह भी कहा कि अगर सत्र में मराठा, धनगर, लिंगायत और मुस्लिमों के



लिए आरक्षण पर कोई बिल आता है तो हम पूरी ताकत से सहयोग करेंगे. इन योद्धाओं ने अपने परिवार की चिंता किए बिना देश के लिए योगदान दिया. दुनिया 26/11 को कभी नहीं भूलेगी.

**आरोपों का दिया जवाब**

अंतरवाली सराती में पथराव की घटना के संदिग्ध आरोपी ऋषिकेश बेद्रे की गिरफ्तारी के बाद विधायक नितेश राणे ने फोटो ट्वीट कर शरद पवार गुट की आलोचना की. इस बारे में बोलते हुए सुप्रिया सुले ने कहा कि मैंने नितेश राणे द्वारा लगाए गए आरोप को नहीं देखा है, इसलिए मैं इस पर बात नहीं करूंगी. उन्होंने कहा, ‘ह्लदेवेंद्र फडणवीस और मेरी कई लोगों के साथ फोटो है, इसका मतलब यह नहीं कि हम सभी को जानते हैं.’’ उन्होंने आगे कहा कि अगर किसी विधायक और सांसद पर हमला हो रहा है तो यह गृह विभाग की विफलता है.

**फडणवीस पर साधा निशाना**

मैं फडणवीस के इस्तीफे की मांग करता हूं, यह व्यक्तिगत कारण से नहीं है, यह फडणवीस की गलती नहीं है कि बीजेपी सांसद पर पत्थर फेंके गए लेकिन उन्हें नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए. यह सरकार की विफलता है. सुप्रिया सुले ने कहा कि मैं बेरोजगारी और अन्य समस्याओं के लिए लड़ रही हूं. अगर महाराष्ट्र में सामाजिक माहौल खराब हो रहा है तो इसके लिए सरकार जिम्मेदार है. सबसे बड़ी चुनौती भयंकर सूखा है.

### ईडी कर्मियों को ड्यूटी करने से रोका, वकील के खिलाफ मामला दर्ज

**नागपुरः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कर्मियों को ड्यूटी करने से रोकने के लिए वकील सतीश उके के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन पर शनिवार को आईपीसी की धारा 353 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) के तहत मामला दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार, अदालत ने ईडी की हिरासत में मौजूद वकील सतीश उके और उनके भाई प्रदीप को 26 नवंबर तक अपने पिता के अंतिम संस्कार के लिए घर जाने और रहने की अनुमति दी थी। इस दौरान ईडी के उप-क्षेत्रीय सहायक निदेशक पंकज गोयत के लिखित आदेश के अनुसार चपरासी शिवराम हल्दनकर और वरिष्ठ चपरासी टी थमार्राज गार्ड की ड्यूटी के लिए उके के घर आए थे। वकील ने उनकी उपस्थिति पर आपत्ति जतानी शुरू कर दी और उन पर चिल्लाया भी। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2023 में जमीन हड़पने के एक मामले में उके, उनके भाई और उनके सहयोगियों पर कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामला दर्ज किया गया था।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### इजरायल और हमास के बीच सुलह नहीं

यह सही है कि दुनिया भर के नेताओं ने इजरायल और हमास के बीच चार दिवसीय संघर्ष विराम का स्वागत किया है लेकिन ऐसा लगता नहीं कि यह दोनों पक्षों के बीच छिड़ी लड़ाई में दीर्घकालिक शांति ला पाएगा। बंदियों की अदला-बदली और संघर्ष का केंद्र बनी गाजापट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने को लेकर हुए समझौते की स्याही सूख भी नहीं पाई थी कि उत्तरी गाजा में भीषण लड़ाई दोबारा शुरू हो गई। इजरायल ने संकेत दिया कि बंदियों की अदला-बदली शुक्रवार तक टलेगी। इसे गुरुवार को स्थानीय समयानुसार 10 बजे आरंभ होना था। इसके तहत 50 महिलाओं और 19 वर्ष तक की आयु के बच्चों को इजरायल की जेलों में कैद 150 फिलिस्तीनी महिलाओं और बच्चों के बदले रिहा किया जाना था। समझौते की भंगुर प्रकृति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि समय और तरीके को लेकर समझौते अभी होने बाकी हैं।

दोनों पक्षों के बीच गहरा अविश्वास है। इजरायल ने कहा है कि युद्ध विराम और सहायता पहुंचने देने का काम तभी शुरू होगा जब हमास इजरायली बंधकों को रेड क्रॉस के हवाले करेगा। हमास नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि वह युद्ध विराम पर सहमत है लेकिन 'उसका हाथ बंदूक के ट्रिगर पर बना रहेगा।'इस समय 190 इजरायली बंधक केंद्र में हैं जिन्हें हमास ने 7 अक्टूबर को बंधक बनाया था। इस बीच इजरायल ने 7 अक्टूबर के पहले 5,200 फिलिस्तीनियों को जेल में डाल दिया था और उसके बाद उसने 3,000 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया जिनमें 145 बच्चे और 90 महिलाएं शामिल हैं। इस बात की संभावना है कि हर 10 अतिरिक्त बंधकों की रिहाई के साथ युद्ध विराम को एक-एक दिन के लिए बढ़ाया जाए। इस मामले में इजरायल ने 300 फिलिस्तीनी कैदियों की सूची जारी की है। यह समझौता कतर और मिस्र की मदद से हुआ है और यह गाजा में मानवीय त्रासदी को कुछ हद तक कम कर सकता है लेकिन अमेरिका का समर्थन प्राप्त इजरायल ने लंबी अवधि के युद्ध विराम से इनकार किया है और इसलिए वहां लंबी शांति की उम्मीदों को झटका लगा है। इजरायल ने कहा है कि अगर वह ऐसा करेगा तो हमास को दोबारा हथियारबंद होने का समय मिल जाएगा। इन हालात में इस 75 वर्ष पुराने संकट को लेकर किसी दीर्घकालिक हल पर पहुंचने से जुड़ी कोई भी चर्चा दूर की कौड़ी है। इस लड़ाई में अनिवार्य रूप से कूटनीतिक खामियों का विस्तार हो रहा है। यह बात संयुक्त राष्ट्र में मतदान के रुझान से भी स्पष्ट है। बुधवार को ब्रिक्स ने गाजा में चल रही लड़ाई को लेकर विशेष आभासी बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में ग्लोबल साउथ यानी विकासशील देशों के बीच के आपसी मतभेदों पर भी चर्चा की गई। बैठक में मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, अर्जेन्टीना और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश भी शामिल हुए जिन्हें अगले वर्ष इस समूह में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है। इन देशों ने एक संयुक्त वक्तव्य में 'फिलिस्तीनियों को उनकी जमीन से जबरन हटाने की किसी भी व्यक्तिगत या सामूहिक कोशिश की कड़ी निंदा की गई।'यह कठोर कूटनीतिक भाषा है जो बताती है कि कई विकासशील देश इजरायल के समर्थन में खड़े विकसित देशों से दूरी बनाए हुए हैं। सबसे कठोर आलोचना दक्षिण अफ्रीका ने की और उसने फिलिस्तीनी नागरिकों के खिलाफ इजरायल की कार्रवाई को 'युद्ध अपराध'करार देते हुए गत सप्ताह इजरायल का हवाला अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में भी दिया।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# एमएलसी गोपीचंद पडलकर ने देवेंद्र फडणवीस को लिखा पत्र, धनगर समुदाय के लिए कर दी ये बड़ी मांग

**मुंबई:** बीजेपी एमएलसी गोपीचंद पडलकर ने डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस को पत्र लिखकर धनगर समुदाय के मुद्दे को ठीक से नहीं संभालने वाले असंवेदनशील सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है. पडलकर ने फडणवीस से विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए धनगर लोगों के खिलाफ मामले वापस लेने का भी अनुरोध किया है. पडलकर ने धनगर समुदाय को एसटी वर्ग में शामिल करने की मांग की थी. उन्होंने धनगर समुदाय को एसटी वर्ग में शामिल करने के लिए राज्य सरकार को मांगों की सूची और 50 दिन का समय दिया था. लेकिन सरकार ने मांग पर कार्रवाई नहीं की इसलिए राज्य के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किया गया. जालना में धनगर आरक्षण याचिका मामले में 36 धनगर बहुजन समुदाय के सदस्यों के खिलाफ मामले



रद्द किए जाने चाहिए और पुलिस महानिरीक्षक और कलेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए जो इस मामले को संवेदनशीलता से नहीं संभालकर अनुकूल माहौल को अस्थिर कर रहे हैं. आज से करीब एक हफ्ता पहले जालना में धनगर समुदाय द्वारा आयोजित एक मोर्चा हिंसक हो गया था क्योंकि कुछ प्रदर्शनकारियों ने जिला कलेक्टरेट परिसर में तोड़फोड़ की, पथराव किया और आधिकारिक और निजी वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया. पुलिस ने इस सिलसिले में कई लोगों को हिरासत में लिया था. यह घटना तब हुई जब धनगर समुदाय ने एसटी श्रेणी के तहत समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर जिला कलक्ट्रेट तक मार्च निकाला था. इस पूरे मामले पर भाजपा एमएलसी गोपीचंद पडलकर ने कहा था, 'उन्हें एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा. कलेक्टर ने बाहर आकर उनसे मुलाकात नहीं की. इससे वे नाराज हो गए जिसके परिणामस्वरूप हिंसा हुई.' बता दें, मराठा आरक्षण के जटिल मुद्दे पर महाराष्ट्र सरकार और विपक्ष के बीच बड़े राजनीतिक युद्ध के बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने धनगर आरक्षण के लंबित मुद्दे पर एक कैबिनेट उप-समिति का गठन किया है.

## डेंगू और मलेरिया के मच्छरों का प्रसार खत्म करने के लिए 'इको बायो तकनीक' का इस्तेमाल




**मुंबई :** मुंबई मनपा के लिए डेंगू और मलेरिया हमेशा से सिरदर्द साबित होते रहे हैं। इन रोगों की चपेट में आकर कई लोगों की मौत हो जाती है, लेकिन अब डेंगू और मलेरिया के मच्छरों का प्रसार होने से पहले ही इसे खत्म करने के लिए मनपा 'इको बायो तकनीक' का इस्तेमाल करने जा रही है। इसके तहत मच्छर दवा से आकर्षित होंगे और पलक झपकते ही नष्ट हो जाएंगे, जिससे मच्छरों का प्रजनन रुक जाएगा। मनपा के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, मलेरिया एनोफिलिस मच्छर और डेंगू नोफिलिस मच्छर के कारण होता है। इसमें मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियां कीटकों के प्रभाव से फैलती हैं, जबकि गैस्ट्रो, टाइफाइड, हैजा, खसरा जैसे रोग रुके हुए पानी के कारण होते हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग जनता से अपील करता रहता है कि वे अपने घर और परिसर को साफ-सुथरा रखें। साथ ही पानी जमा न होने देने और बिना डॉक्टर की सलाह के दवा न लेने की भी बात कहता है। इको बायो ट्रैप पहल पायलट आधार पर जी/नॉर्थ वर्ली उपक्रम प्रायोगिक तौर पर जी/नॉर्थ वर्ली वॉर्ड से शुरू किया जाएगा। इसके मुताबिक कुंभारवाड़ा, अन्ना नगर/मुस्लिम नगर, धारावी बस स्टैंड, राजीव गांधी सरकारी क्रीड़ा संकुल, धारावी, माहिम गेट, सोचपल, इंदु मिल क्षेत्र, गोखले मार्ग, भवानी शंकर म्युनिसिपल स्कूल, दादर जैसे १८ स्थानों पर ये कुंडिया लगाई जाएंगी। यह उपक्रम ग्रीष्म, वर्षा और शीत तीनों मौसमों में चलाया जा सकेगा। 'स्टार्ट अप' के तहत मनपा की स्माइल काउंसिल, बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर के मेसर्स इको बायो कंसल्टिंग प्रा. लिमिटेड इनक्यूबेशन सेंटर के उपक्रम के लिए मनपा तीन करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है।

## नासिक में भयानक हादसा... ट्रक-कार की जोरदार टक्कर, 5 युवकों की मौत

**नासिक:** महाराष्ट्र के नासिक जिले में मनमाड-येवला स्टेट हाईवे पर भीषण हादसा हुआ है। एक कंटेनर और स्विफ्ट कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे की वजह से हाईवे पर भीषण जाम लग गया। हादसे में मरने वाले सभी पांच लोग नासिक के गंगापुर के रहने वाले बताए गए हैं। मरने वालों में पांच में से दो की पहचान हो गई है।

जानकारी के मुताबिक, पांच युवक मनमाड के पास म्हसोबा देवस्थान में एक धार्मिक कार्यक्रम से येवला होते हुए लौट रहे थे। तभी अनाकवाडे के पास एक कंटेनर और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। कार ट्रक के नीचे कुचल गई। कार में सवार पांचों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी जैसे ही इलाके के लोगों को मिली तो वे मौके पर पहुंचे और राहत कार्य चलाया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी शवों को निकालकर शव को उपजिला




अस्पताल भेज दिया गया।

बताया गया है कि हादसा इतना भयानक था कि ट्रक की टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए। मदद के लिए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों को कार तोड़कर शवों को बाहर निकालना पड़ा। इस दुर्घटना के कारण हाइवे पर लंबा जाम लग गया। येवला तालुका पुलिस मौके पर पहुंची। चूंकि शाम का वक्त था इसलिए अंधेरे और बारिश के कारण राहत कार्य चलाने में भी दिक्कत हो रही थी। पता चला है कि हादसे के शिकार सभी लोग नासिक के रहने वाले थे और मृतक युवकों के परिजनों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है।

## पालघर में तीन नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार

**पालघर :** जिले से तीन नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 55.92 लाख रुपये मूल्य के प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस की एक विज्ञप्ति में बताया गया कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर तुलिंज पुलिस ने शनिवार रात जाल बिछाया और नाला सोपारा इलाके के



प्रगति नगर में एक कमरे से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें कहा गया है कि उन्हें एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें 30 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। तुलिंज पुलिस ने दो दिन पहले एक महिला सहित दो नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया था और उनके पास से 1,05,485 रुपये मूल्य की प्रतिबंधित वस्तुएं जब्त की थीं।




# दंपती को जिंदा जला दिया था... 22 साल बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुंबई :** 22 साल पहले मुंबई में एक ऐसा क्राइम हुआ, जिसने हर किसी का दहला दिया। एक चाय के दुकान में कपल को जिंदा जला दिया गया था। यह करतूत और किसी ने नहीं बल्कि कपल की बेटी से एकतरफा प्यार में पागल युवक ने किया था। कपल ने युवक से बेटी की शादी करने से मना कर दिया था। बौखलाए युवक ने इतना बड़ा कदम उठाया। इस घटना के बाद से वह फरार था। आखिर पुलिस ने उसे 22 साल बाद गिरफ्तार कर लिया। 2001 में कांदिवली के होटल में हुए इस अग्निकांड में 48 साल की जहराबी और उनके पति अब्दुल रहमान को जला दिया गया था। दहिसर क्राइम ब्रांच ने उस केस में वॉन्टेड मुख्य आरोपी यशवंत बाबूराव शिंदे को गिरफ्तार किया है। मोहिद्दीन शेख, नागनाथ तेलंगे और व्यंकट पाचावाड नामक आरोपियों को पहले ही पकड़ा जा चुका था, लेकिन मुख्य आरोपी यशवंत पिछले 22 साल से पुलिस की गिरफ्त में आ ही नहीं रहा था।

डीसीपी राजतिलक रौशन के निर्देशन में सीनियर इंस्पेक्टर सुधीर दलवी और विजय रासकर, दिलीप तेजनकर व नवनाथ जगताप की टीम ने इस केस की फाइल फिर से ओपन की और पिछले कुछ दिनों में आरोपी के लातूर स्थित गांव बार-बार गई। उसी में क्राइम ब्रांच टीम को यशवंत के पुणे में कोंढवा में होने की जानकारी मिली। फिर वहां कई दिन तक ट्रैप लगाया गया और अंततः उसे



शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

यशवंत पेंटिंग का काम करता था। चूंकि मुंबई में काम भी ज्यादा मिलता है और पैसा भी, इसलिए वह अपने साथियों के साथ लातूर से मुंबई आ गया। वह जहराबी- अब्दुल की बेटी से इकतरफा प्यार करता था और उससे शादी करना चाहता था, लेकिन मां-बाप को यशवंत से अपनी बेटी का रिश्ता मंजूर नहीं था। उन्होंने एक-दो बार यशवंत की पिटाई कर दी। पुलिस में भी शिकायत दर्ज कर दी। यही नहीं, उन्होंने अपनी लड़की की शादी कहीं और तय कर दी। इससे यशवंत आग बबूला हो गया और उसने लड़की के मां-बाप को सबक सिखाने का फैसला किया।

लड़की अपने भाई के साथ घर में सोती थी, जबकि जहराबी- अब्दुल का चाय का गुडलक नाम से होटल था। पति-पत्नी वहां सोते थे। उसी में 12 अगस्त, 2001 को यशवंत शिंदे ने अपने साथियों के साथ होटल में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। होटल के अंदर सो रहे जहराबी- अब्दुल उसी में जल गए और बाद में उनकी मौत हो गई।

पुलिस ने इस केस में जब तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, तो उनसे पूछताछ में पता चला कि इस हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता यशवंत शिंदे है। इन आरोपियों से शिंदे का लातूर का पता भी मिला। पुलिस कई बार वहां गई, पर शिंदे के परिवार के लोगों ने बताया कि वह आज तक कभी अपने घर आया ही नहीं। फिर भी क्राइम ब्रांच के लिए यकीं करना मुश्किल करना था कि वह गांव में किसी के संपर्क में नहीं होगा। इसलिए पहले के प्रयासों के विफल रहने के बावजूद मुंबई क्राइम ब्रांच टीम फिर इस बार वहां गई। काफी लोगों से पूछताछ की। उसी में पता चला कि वह अलग पहचान से पुणे में रह रहा है। इसके बाद इंस्पेक्टर विजय रासकर अपनी टीम के साथ पुणे गए और उसे वहां से गिरफ्तार किया गया।

उससे पूछताछ में पता चला कि मुंबई में डबल मर्डर करने के बाद वह कई साल तक बेंगलुरु में रहा। बाद में वह पुणे शिफ्ट हुआ। उसने साल 2005 में यहां शादी भी कर ली, लेकिन अपने मां-बाप को उस शादी के बारे में न तो कुछ बताया और न ही बुलाया, ताकि जांच एजेंसियों तक यह खबर न पहुंच जाए।

## मुंबईकरों को ८८० डबल डेकर इलेक्ट्रिक बसों का इंतजार...

**मुंबई :** बेस्ट बसों के बेड़े में से लगातार बसों की संख्या कम हाती जा रही है। बेस्ट निजी बसों को ठेके पर लेकर बसों की कमी को पूरा करने में जुटी है। पुरानी बसों और डीजल बसों से प्रदूषण के खतरे को देखते हुए बेस्ट ने नई इलेक्ट्रिक बसों को अपने बेड़े में शामिल करने का लक्ष्य भी रखा है।

मनपा ने पहले ५ बसें, फिर १० और अब ५ डबल डेकर इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े को शामिल किया है। शनिवार से नई पांच डबल डेकर और दस सिंगल डेकर बसें शामिल हो जाएंगी। बता दें कि यात्रियों की सुविधा के लिए आने वाले समय में नई वातानुकूलित इलेक्ट्रिक सिंगल डेकर और डबल डेकर बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इन बसों की संख्या बढ़ाने के लिए बसों की आपूर्ति करने के लिए कंपनी को सप्लाई बढ़ाने का आदेश दिया गया है। बेस्ट ने सिर्फ ओलेक्ट्रा कंपनी को कुल २,१०० सिंगल-डेकर बसें सप्लाई करने का काम दिया है।

## मुंबई क्राइम ब्रांच का DCP बता बुजुर्ग से ऐंठ ली रकम,

### दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की खातों की जांच

**मुंबई :** खुद को मुंबई पुलिस के क्राइम ब्रांच का अफसर बताकर सेंट्रल दिल्ली के प्रसाद नगर इलाके के बुजुर्ग से 7 लाख 50 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने जब मुंबई पुलिस के असली डीसीपी का नंबर खोजा तो उनसे हुई बातचीत के बाद फ्रॉड का खुलासा हुआ। पीड़ित ने सेंट्रल जिला साइबर थाना पुलिस से शिकायत की, जिसने शुरूआती जांच के बाद शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस रकम जिन खातों में ट्रांसफर हुई है, उन्हें खंगाल रही है।




पुलिस अफसरों ने बताया कि प्रसाद नगर इलाके में रहने वाले 73 साल के बुजुर्ग को 8 नवंबर की सुबह 9:11 बजे एक कॉल आई। अमेरिकी ट्रांसपोर्ट कंपनी फेडेक्स से होने का दावा करने वाले ने कहा कि आपके नाम से ताइवान के लिए एक पार्सल भेजा गया था। इसके भीतर छह पासपोर्ट, छह क्रेडिट कार्ड और 140 ग्राम एडीएमए ड्रग्स है। बुजुर्ग ने कहा कि कोई पार्सल नहीं भेजा है। कॉलर ने मुंबई के शिशिर मित्रा के नाम से भेजे पार्सल में उनका फोन नंबर और आधार कार्ड नंबर होने का दावा किया। कॉलर ने मुंबई क्राइम ब्रांच से हॉटलाइन पर कॉल कराने की बात कही, तो वो राजी हो गए। दूसरी तरफ से अंधेरी मुंबई क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार गुंटु होने का दावा करते हुए एक शख्स बात करने लगा। इसने डीसीपी से स्टैंड क्लियर करने को कहा। वॉट्सऐप पर विडियो कॉल से बात होने लगी। इसकी डीपी पर मुंबई पुलिस का लोगो था। एक फोटो दिखाते हुए कहा गया कि ये जेल में बंद महाराष्ट्र के एक पूर्व मंत्री हैं, जो मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग ट्रैफिकिंग में कस्टडी में हैं। इनसे आपका क्या रिश्ता है?

खुद को डीसीपी बालसिंग राजपूत बताने वाले ने दावा किया कि उनके आधार नंबर से मुंबई के चार बैंक खाते लिंक हैं। बुजुर्ग ने पहचान बताने को कहा तो उसने मुंबई पुलिस की आईडी भेज दी। फिर वॉट्सऐप पर दो लेटर शेयर किए। एक में सीबीआई की एफआईआर और दूसरा आरबीआई की मनी लॉन्ड्रिंग में उनका नाम पूर्व मंत्री के साथ जोड़ा गया था। दोनों में डीसीपी के साइन थे। इसके बाद ठगी का सिलसिला शुरू हुआ और दो बार में 7 लाख 50 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित ने इंटरनेट पर मुंबई पुलिस के नंबर चेक किए तो डीसीपी का नंबर दूसरा था। इस पर कॉल किया तो उन्हें ठगी का पता चला।

## सांगली में भाजपा और शिंदे गुट के मंत्री के बीच ठन गई

**मुंबई :** ाज्य में घाती सरकार बनने के साथ ही भाजपा और गद्दार शिंदे गुट में अक्सर तलवारें खिंचती रही हैं। कभी भाजपा ने कहा कि सीने पर पत्थर रखकर शिंदे को सीएम बनाया तो कभी शिंदे गुट के लोगों ने भाजपा को झटका दिया। अब एक बार फिर सांगली में भाजपा और शिंदे गुट के मंत्री के बीच ठन गई है। भाजपा के सांसद ने सातारा के पालकमंत्री शंभुराजे देसाई के खिलाफ बगावत करते हुए इस्तीफे की चेतावनी तक दी है। भाजपा सांसद काका पाटील ने कहा कि कोयना बांध के समीप के गांवों के लिए हक का पानी छोड़ने में देरी कारनेवाले मंत्री शंभुराजे देसाई के नाम कोयना का सातबारा नहीं है और पानी के लिए पूरे जिले को दांव पर लगाने का हम विरोध करते हैं। जिले की अस्मिता के लिए हम सांसद पद से इस्तीफा देने को तैयार हैं। इस प्रकार के वक्तव्य से यह साफ हो जाता है कि भाजपा-शिंदे गुट के बीच विवाद की चिंगारी भड़क चुकी है।



भाजपा सांसद ने शिंदे गुट के मंत्री पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इस मौसम में कृष्णा नदी तीन बार सूख चुकी है। स्पष्ट है कि इसके पीछे सातारा के पालकमंत्री देसाई का हाथ है और अधिकारियों पर दबाव बनाकर कोयना से पानी छोड़ने में बाधा उत्पन्न की जा रही है। हम यही चाहते हैं कि सांगली जिले को परियोजना रिपोर्ट के अनुसार पानी मिले। परियोजना रिपोर्ट के अनुसार, जिले में ३५ टीएमसी पानी है। अगर उसी पानी को रोका जाएगा तो हम चुप नहीं बैठेंगे। इसकी शिकायत उपमुख्यमंत्री एवं जल संसाधन मंत्री देवेंद्र फडणवीस से की जाएगी और हमारा रुख साफ है कि जल संसाधनों पर सीधे जल संसाधन मंत्री का नियंत्रण होना चाहिए। कोयना की जल योजना नहर सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई थी। इसमें सांगली के संरक्षक मंत्री सुरेश खाड़े, कोल्हापुर के हसन मुश्रीफ, सोलापुर के चंद्रकांत पाटील उपस्थित थे। हालांकि, सातारा के संरक्षक मंत्री देसाई ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं। कोयना बांध पर किसी का स्वामित्व नहीं है। हम भीख या दान नहीं मांग रहे हैं, बल्कि हम अपने हक का पानी मांग रहे हैं। यह पानी योजनानुसार छोड़ा जाना चाहिए। हम इस बात का विरोध कर रहे हैं कि इस पानी का राजनीतिकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। हम इस बारे में उपमुख्यमंत्री फडणवीस और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिकायत करेंगे। काका पाटील ने कहा कि हम इस बात पर अड़े हैं कि यह पानी नहर सलाहकार समिति की योजना के अनुसार छोड़ा जाए और यदि निकट भविष्य में इसमें कोई सुधार नहीं हुआ तो हम संसद से इस्तीफा देने के लिए तैयार हैं।

## 3,000 अतिरिक्त ट्रेनों की जरूरत, 6 वर्षों में सरकार केवल 2,132 इंजन बढ़ा पाई

**मुंबई :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने १६ नवंबर को रेल भवन में संवाददाताओं से कहा कि चार-पांच साल में हमें १,००० करोड़ यात्रियों को सफर कराने की क्षमता विकसित करनी होगी, क्योंकि जनसंख्या बढ़ रही है।

इसके लिए हमें ३,००० अतिरिक्त ट्रेनों की जरूरत पड़ेगी, लेकिन मंत्री जी इस बयान के बाद लोग या तो गुस्से में नजर आए या फिर हंसते हुए। चूंकि बीते ६ वर्षों में सरकार केवल २,१३२ इंजन बढ़ा पाई है। खबरों के अनुसार, रेलवे ऐसा प्लान बना रहा है कि अगले लगभग पांच वर्षों में साल में वेटिंग टिकट की समस्या खत्म हो जाएगी। रेलवे आंकड़ों के अनुसार, एक वर्ष में रेल कोचों की संख्या मात्र ५,००० ही बढ़ पाई है। यदि अगर इंजन और कोच बनने की यही रफ्तार रही तो चार-पांच साल में ३,००० नई ट्रेनें किसी भी स्थिति में संभव नहीं। दरअसल, सरकार कभी भी तथ्यात्मक बातों को भी सामने नहीं आने देती, चूंकि यदि आप युद्ध स्तर पर भी रेल का निर्माण कर भी दिया जाए तो पटरी की व्यवस्था वैछसे होगी। चूंकि हमारी पटरी बनाने की गति रेल बनाने के हिसाब से भी बहुत धीमी है। हमारे देश में १९८०-८१ में कुल ७५,८६० किलोमीटर लंबा रेल ट्रैक था और २०१६-१७ में यह ९४,००० किलोमीटर हुआ।




# सूर्या प्रॉजेक्ट के दूसरे फेज का 86% काम पूरा

## मीरा भाईंदर को रोजाना 218 एमएलडी पानी की सप्लाई



**मुंबई** : मुंबई महाराष्ट्र प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने सूर्या जलापूर्ति परियोजना के तहत वसई-विरार महानगर पालिका क्षेत्र में टेस्टिंग पूरी कर ली है। हालांकि अब तक आधिकारिक तौर पर पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई है, क्योंकि मनपा अपनी तरफ से टेस्टिंग कर रही है। वहीं, मीरा-भाईंदर महानगर पालिका क्षेत्र में रहने वालों को अभी करीब छह महीने और पानी की किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। इसकी मुख्य वजह मीरा-भाईंदर को अतिरिक्त पानी की सप्लाई के लिए तैयार हो रहे सूर्या परियोजना के दूसरे फेज का काम 86 फीसदी हो चुका है। एमएमआरडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, प्रॉजेक्ट का बचा हुआ काम 2024 के अप्रैल या मई तक पूरा कर लिया जाएगा। उपनगर की पानी की समस्या हल करने के लिए सरकार ने 2017 के करीब सूर्या जलापूर्ति परियोजना का काम शुरू करवाया था, लेकिन तकनीकी समेत अन्य वजह से प्रॉजेक्ट का काम तय समय में पूरा नहीं हो पाया है। वहीं, कुछ दिन पहले एमएमआरडीए ने वसई-विरार परिसर में पानी की आपूर्ति के लिए टेस्टिंग खत्म कर दी है। इस परियोजना के तहत, वसई-विरार को रोजाना 185 एमएलडी पानी की सप्लाई होगी। परियोजना के दूसरे फेज के तहत मीरा-भाईंदर परिसर में रोजाना 218 एमएलडी पानी की सप्लाई होगी। दूसरे फेज के लिए एमएमआरडीए ने टनल तैयार करने का काम पूरा कर लिया है। परियोजना पूरी होने से उपनगर में रोजाना 403 एमएलडी पानी की सप्लाई होगी।

# मां के साथ बुरा व्यवहार...

# हाई कोर्ट ने बेटे को घर से बाहर का रास्ता दिखाया और गुजारा-भत्ता भी देने को कहा...



**मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने मां के साथ बुरा व्यवहार करनेवाले बेटे को घर से बाहर का रास्ता दिखाया है। कोर्ट ने साफ किया है कि मां के पास रहने के लिए कोई दूसरा घर नहीं है। वह फ्लैट की मालिक है। उसे यह तय करने का हक है कि उसके साथ कौन रहेगा। लिहाजा बेटा परेल में स्थित इमारत को खाली कर दे। बेटे के पक्ष में जो वसीयत है, उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। जब तक मां जिंदा है, उसके जीवनकाल में बेटे को वसीयत का कोई लाभ नहीं दिया जाएगा। अदालत ने बेटे की याचिका को खारिज कर दिया। अपने बेटे के आचरण से परेशान मां ने पहले सीनियर सिटिजन ट्रिब्यूनल में बेटे के खिलाफ शिकायत की थी। 21 जून 2022 को ट्रिब्यूनल ने मां के हक में फैसला सुनाया और बेटे को मां का फ्लैट खाली करने के साथ ही प्रति माह 1500 रुपये गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया था। ट्रिब्यूनल ने बुजुर्ग मां के दो अन्य बेटों को भी भरण-पोषण की इतनी ही रकम देने का निर्देश दिया, जबकि बेटी को 250 रुपये देने को कहा था।

ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ बेटे ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका के मुताबिक, जी.डी. आंबेकर रोड स्थित परेल की चॉल का रीडिवेलपमेंट होने पर मां को एक फ्लैट मिला है। मां ने सितंबर 2011 को जो वसीयत बनाई थी, उसमें चॉल का घर उसके बेटे के नाम पर स्थानांतरित करने की बात कही गई थी, जबकि दो अन्य भाइयों को इसके बदले पैसे दिए गए थे। वर्तमान में याचिकाकर्ता बेटे के पास परिवार के साथ रहने के लिए कोई दूसरा घर नहीं है। उसने शाहपुर का फ्लैट कोरोना काल में बेच दिया था। उसकी मां की देखरेख की जिम्मेदारी उसी पर है। भविष्य में भी मां की देखभाल करने का दावा किया था। ट्रिब्यूनल का आदेश दोषपूर्ण है। इसलिए इसे रद्द कर दिया जाए। जस्टिस एसवी मारने ने बेटे की याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान मां का पक्ष रख रहे वकील ने याचिका का कड़ा विरोध किया। मां के अनुसार, उसका बेटा शराब पीता है। वह उसके साथ अच्छे से पेश नहीं आता। उसके बेटे ने गलत तरीके से उसके बैंक खाते से पैसे भी निकाले हैं। शाहपुर में उसका फ्लैट है। इसलिए बेटे के पास खुद के परिवार के साथ रहने के लिए कोई दूसरा घर नहीं है, यह बात गलत है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद जस्टिस मारने ने कहा कि मुझे ट्रिब्यूनल के आदेश में कोई खामी नजर नहीं आती है। जस्टिस मारने ने कहा कि रेकॉर्ड से स्पष्ट होता है कि बेटे का पास शाहपुर में फ्लैट है।

# वसोर्वा-दहिसर कोस्टर रोड गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड से होगा कनेक्ट



**मुंबई** : पश्चिम मुंबई के नॉर्थ वसोर्वा से उत्तर मुंबई के दहिसर तक बनने वाले कोस्टल रोड के काम को गति देने के लिए बीएमसी लगातार प्रयासरत है। प्रॉजेक्ट के लिए पिछले दिनों बीएमसी ने कंसल्टेंट की नियुक्ति की थी। अब बीएमसी ने प्रॉजेक्ट के पैकेज बी के तहत बांगुर नगर से माइंड स्पेस मालाड तक बनने वाले कोस्टल रोड के हिस्से के लिए टेंडर जारी किया है। यह हिस्सा गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड को भी कनेक्ट करेगा, जिससे पश्चिम उपनगर से पूर्व उपनगर में सीधे पहुंचा जा सकेगा। बीएमसी ब्रिज डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने बताया कि कोस्टल रोड के इस हिस्से को छह हिस्सों में बनाया जाएगा। दूसरे हिस्से के तहत बांगुर नगर से माइंड स्पेस मालाड के भाग का निर्माण किया जाएगा। इस हिस्से के निर्माण के लिए बीएमसी ने शनिवार को टेंडर जारी किया।

# 'देश का संविधान बदलना चाहती है बीजेपी ...', कांग्रेस नेता नाना पटोले का आरोप, कहा- 'उसे सबक सिखाया...'



**मुंबई** : कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने शनिवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) संविधान बदलना चाहती है और उसे सबक सिखाया जाना चाहिए. वह प्रकाश आंबेडकर .की अगुवाई वाली वंचित बहुजन अघाड़ी की संविधान सम्मान रैली को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा, ''लोगों को खुलेआम देश के संविधान को बदलने की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी को सबक सिखाने की जरूरत है. पार्टी ने 2014 में सत्ता में आने के बाद अपना असली रंग दिखाया. हमारा संविधान सबसे पवित्र ग्रंथ है लेकिन बीजेपी उसे बदलना चाहती है.''

### नाना पटोले ने लगाये ये आरोप

पटोले ने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार की रणनीति ब्रिटिश राज की 'बांटो एवं राज करो'नीति के समान ही है. उन्होंने कहा, '' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. आंबेडकर की आर्थिक नीतियां बदल दीं. आंबेडकर की नीतियां कर के रूप में अमीरों से पैसे वसूलकर उसका गरीबों के वास्ते उपयोग करना था. मोदी सरकार बिल्कुल उल्टा कर रही है. यही कारण है कि मैंने बीजेपी सांसद के रूप में इस्तीफा दे दिया और कांग्रेस में शामिल हो गया. '' पटोल ने 2014 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रफुल्ल पटेल को हराकर महाराष्ट्र की भंडारा -गोंदिया सीट जीती थी. उन्होंने हालांकि 2017 में बीजेपी से इस्तीफा दे दिया था.

### क्या बोले नाना पटोले... ?

**एमपीसीसी प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि वह रविवार को कहा था कि मुंबई में वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) द्वारा आयोजित होने वाले 'संविधान सम्मान महासभा'में भाग लेंगे. इस कार्यक्रम के लिए प्रकाश अंबेडकर ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को आमंत्रित किया था. उन्होंने कहा, ह्लमैं बैठक के लिए राहुल गांधी का प्रतिनिधि बनूंगा क्योंकि वह तेलंगाना चुनाव में व्यस्त हैं.'**

# महाराष्ट्र समेत गुजरात में तेज गरज के साथ होगी बारिश



**मुंबई** : उत्तर भारत में मौसम का मिजाज बिल्कुल बदल गया है। आने वाली तीन दिनों में पहाड़ी क्षेत्र उत्तराखंड का मौसम बदल सकता है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार से उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। वहीं, निचले इलाकों में बारिश और ओलावृष्टि के आसार हैं। क्टऊने यहां के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, रविवार (26 नवंबर) को ताजा पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय रहेगा, जिसके कारण पर्वतीय क्षेत्रों में बादल छाए रहेंगे। सोमवार (27 नवंबर) को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ समेत 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी होगी।

महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और दक्षिण राजस्थान में 26-27 नवंबर के दौरान तेज गरज के साथ बारिश के बौछारें पड़ने और ओलावृष्टि होने के साथ ही भारी वर्षा की संभावना है। पश्चिमी मध्य प्रदेश, मराठवाड़ा, पूर्वी राजस्थान, मध्य महाराष्ट्र और पश्चिमी राजस्थान के लिए क्टऊने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, गुजरात में 26 नवंबर को भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। न्यूनतम तापमान गिरने से जम्मू-कश्मीर में ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। श्रीनगर समेत अधिकांश जगहों का न्यूनतम तापमान जीरो से शून्य के बीच पहुंच गया है। रविवार यानी आज हिमाचल में बारिश होने की संभावना है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com